आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 12.12.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र में 112 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गोद लेने वाले माता–पिताओं को देहरादून में सम्मानित किया।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में रोप–वे विकास के लिए गठित संचालन समिति की बैठक में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।
- रुद्रप्रयाग में छह दिवसीय बैंक बी.सी सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न।

**मुख्यमंत्री लोकार्पण/शिलान्यास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल जिले के भीमताल विधानसभा क्षेत्र में 112 करोड़ रुपये से अधिक की 17 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी योजनाएं क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मिनी स्टेडियम, नया रोडवेज बस अड्डा और अग्निशमन केंद्र की स्थापना करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है कि उत्तराखंड की जनसांख्यिकी संरचना, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक संतुलन को सुरक्षित रखते हुए विकास की गति को और तेज किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनसांख्यिकी को असंतुलित करने का प्रयास करने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर महिला स्वयं सहायता समूहों और विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और महिला उत्पादों की सराहना की।

**रेखा आर्या**

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गोद लेने वाले माता–पिताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के विशेष पोस्टर का अनावरण भी किया। दत्तक ग्रहण माह के अवसर पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती आर्या ने कहा कि हमारे समाज में ऐसे दंपति हैं, जो सच्ची करुणा का परिचय देते हुए अनाथ बच्चों को अपना स्नेह और मातृत्व दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मातृत्व केवल खून का रिश्ता नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और संस्कारों से निर्मित होता है। कोई भी बच्चा इस दुनिया में अनाथ महसूस न करे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रदेश में 185 बच्चों को दत्तक ग्रहण कराया गया है, जिनमें से 29 को एनआरआई माता–पिता ने गोद लिया है। इनमें नौ विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी शामिल हैं। श्रीमती आर्या ने इस संख्या को और बढ़ाने पर जोर दिया।

**कार्मिक सचिव**

कार्मिक सचिव शैलेश बगौली ने राज्य सरकार के सभी विभागों, उपक्रमों और निगमों को उत्तराखण्ड राज्य कर्मचारियों की आचरण नियमावली, 2002 के अनुपालन के संबंध में आगामी 15 दिसंबर तक सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने इस संबंध में राज्य के सभी प्रमुख सचिवों, सचिवों, विभागाध्यक्षों

कार्यालयाध्यक्षों, मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों और राज्य सरकार के उपक्रमों व निगमों के प्रबंध निदेशकों को एक परिपत्र जारी किया है।

**ताइक्वांडों खिलाड़ी सम्मान**

बागेश्वर में जिला ताइक्वांडो और पैरा ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आज सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलेभर के 50 ताइक्वांडो खिलाड़ियों को बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि बागेश्वर के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं, जो पूरे जिले के लिए गौरव की बात है।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में रोप–वे विकास के लिए गठित संचालन समिति की बैठक में रोप–वे निर्माण को लेकर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में बनने वाले सभी रोप–वे प्रस्तावों को इस समिति से स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा, ताकि अलग–अलग एजेन्सियों द्वारा तैयार किए जा रही परियोजनाओं में दोहराव न हो। उन्होंने रोप–वे की बनने वाली सभी बड़ी परियोजनाओं के लिए अभी से रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में उत्तराखण्ड रोप–वे विकास लिमिटेड के रोड मैप पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रदेश सरकार ने राज्यभर से 50 रोप–वे प्रस्तावित किए हैं, जिनमें से छह प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया गया है। इसमें सोनप्रयाग से केदारनाथ और गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब परियोजनओं का कार्य आवंटन कर दिया गया है। नैनीताल के काठगोदाम से हनुमानगढ़ी मंदिर अनुमोदन के चरण में है। बताया गया कि कनकचौरी से कार्तिक स्वामी तक रोप–वे की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके अलावा उत्तरकाशी के रैथल बारसू से बरनाला और जोशीमठ–औली–गौरसों रोप–वे की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के लिए निविदा प्रक्रिया गतिमान है। मुख्य सचिव ने काठगोदाम से हनुमानगढ़ी मंदिर प्रोजेक्ट में कैंचीधाम को भी शामिल किए जाने के निर्देश दिए।

**बैंक बीसी सखी प्रशिक्षण**

एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी रुद्रप्रयाग की ओर से आयोजित छह दिवसीय बैंक बीसी सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों की 29 महिलाओं ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस की ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इन महिलाओं को अब जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं सुलभ कराने के लिए बीसी सखी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। बीसी सखियों, को ग्रामीणों के बैंक संबंधी कार्य जैसे खाता खोलना, नगद लेनदेन, एफडी, आरडी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, आधार–मोबाइल लिंकिंग आदि सेवाएं उपलब्ध कराने का दायित्व सौंपा जाएगा। इसके साथ ही वे ग्रामीणों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और सुरक्षित बैंकिंग के प्रति भी जागरूक करेंगी। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रशिक्षित बैंकिंग संवाददाता यानी बीसी सखी उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण स्तर पर लोगों को बैंक से जुड़ी आवश्यक सेवाएं उनके घर पर ही सुगमता से उपलब्ध हो सकें।

**लखपति दीदी बैठक**

टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में आज नई टिहरी में लखपति दीदी योजना की जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को विभागवार कार्ययोजना बनाकर टीमों को लक्ष्य देने के निर्देश दिए। साथ ही लोगो में जागरूकता और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कीवी मिशन के तहत कीवी उत्पादन को बढ़ावा देने और होमस्टे के संभावित क्षेत्रों की मैपिंग करने के निर्देश भी दिए।

**ग्राम प्रधान संगठन चुनाव**

ग्राम प्रधान संगठन बागेश्वर के ब्लॉक स्तरीय चुनाव आज सर्वसम्मति और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। नबल टम्टा को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। अन्य सभी पदों पर निर्विरोध चयन के साथ संगठन की नई टीम गठित की गई। अध्यक्ष चुने जाने के बाद नबल टम्टा ने कहा कि वह संगठन की मजबूती और प्रधानों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करेंगे।